प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने आज नई दिल्ली में अमरीका – भारत स्ट्रटीज़िक पार्टनरशिप फोरम टूरिज़्म लीडरशिप समिट का उद्घाटन किया। शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन एक उद्योग से कहीं ज्यादा है और यह संस्कृतियों व आर्थिक अवसरों के बीच एक सेतु का काम करता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि आज पर्यटक पर्यावरण अनुकूल पर्यटन, स्थानीय संस्कृति और विरासत, स्वास्थय वर्धक अनुभव और लोगों के साथ सार्थक जुड़ाव चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटन रोजगार पैदा करने वाले प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। उपराष्ट्रपति ने पर्यटन क्षेत्र का समावेशी और सतत् विकास सुनिश्चित करने के लिए कौशल विकास, उद्यमिता और महिलाओं के नेतृत्व वाले उद्यमों में निवेश पर ज़ोर दिया।

बिक्रम ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता व विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा है कि राज्य सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन और लापरवाही ने प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को गंभीर संकट में धकेल दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों को आधुनिक रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधा देने की घोषणा के विपरीत सामान्य उपचार भी मंहगा कर दिया है। बिक्रम ठाकुर ने कहा कि सरकार एक ओर मुफ्त ईलाज का ढिंढोरा पीट रही है वहीं दूसरी ओर आयुष्मान भारत और हिमकेयर के तहत अस्पतालों को समय पर भुगतान भी नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कई अस्पतालों में केंसर, हृदय रोग, किडनी और अन्य गंभीर बीमारियों की जीवन रक्षक दवाईयों की भी भारी कमी बनी हुई है। बिक्रम ठाकुर स्वास्थ्य जैसी संवेदनशील व्यवस्था के साथ इस तरह के खिलवाड़ को अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताया।

गोलमेज सम्मेलन

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने देश में त्रुटिरहित मतदाता सूची पर जोर देते हुए कहा है कि यह किसी भी लोकतंत्र की आधारशिला है। उन्होंने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने और अपात्र मतदाताओं को इससे बाहर रखने के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई थी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में 12 राज्यों में एसआईआर प्रक्रिया चल रही है और इनमें से 11 राज्यों ने

अपनी मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि अब निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोगों के बीच आवश्यक तालमेल स्थापित करने का समय आ गया है। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने कहा कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयुक्तों के बीच सहयोग बढ़ाना और चुनाव प्रक्रिया की सर्वोत्तम पद्धतियों को साझा करना है।

शिवा परियोजना

मंडी जिले में द्रंग विधानसभा क्षेत्र की पराशर घाटी में एचपी शिवा परियोजना के तहत जापानी फल की संगठित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारे मंडी जिला संवाददाता ने बताया कि इस पहल के तहत घाटी के छह कलस्टरों में कुल 70 हैक्टेयर भूमि पर लगभग 40 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे जिससे करीब दो सौ बागवान लाभान्वित होंगे।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने आज कांगड़ा जिला के शाहपुर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय वॉलिबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। प्रतियोगिता में प्रदेश भर से लगभग तीन सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि वॉलिबॉल बेहद लोकप्रिय खेल है और इस खेल को गांव–गांव तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने राज्य सरकार से खेल ढांचे को मजबूत करने और स्थायी कोचों की संख्या बढ़ाने की मांग की। अनुराग ठाकुर ने युवाओं को नशे से दूर रह कर खेलों को अपनाने का आह्वान किया।